No 2016/09/e.146954/Estt-06/2025/HQ NSG/ 7703-15

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

महानिदेशालय, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

(स्थापना शाखा)

मेहरम नगर, पालम,

नजदीक अंर्तदेशीय विमानपत्तन,एक

नई दिल्ली–110037

दिनांकः 30 जुलाई, 2026

प्रेषित,

तालिका संलग्न

विषयः **प्रतिनियुक्ति आधार पर टीम कमांडर (हिन्दी अधिकारी) की नियुक्ति ।**

मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय सुरक्षा गारद में टीम कमांडर (राजभाषा) के वेतन लेवल – **10 रू0 56100–177500** के रिक्त पद को निम्नलिखित विवरण, पद की पात्रता, शर्तों और वेतन तथा अन्य भत्ते/लाभ के अनुसार प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। पद का विवरण, पद की पात्रता, शर्तें और वेतन भत्ता अन्य भत्ते/लाभ निम्नानुसार हैः-

**(क) पद का विवरणः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **i)** | पद का नाम | - | टीम कमांडर (राजभाषा) |
| **ii)** | वर्गीकरण | - | सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" राजपत्रित |
| **(iii)** | वेतनमान | - | **वेतन लेवल – 10** (**रू0 56100–177500**) |
| **(iv)** | भत्ते | - | (i) संशोधित वेतन का 40 प्रतिशत की दर से विशेष सुरक्षा भत्ता/एन.एस.जी. भत्ता<br>(ii) केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को समय-समय पर देय अन्य भत्ते<br>(iii) सामान्य पूल आवास अथवा सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सामान्य आदेशों के तहत स्वीकार्य मकान किराया भत्ता। |

**(ख) पात्रता योग्यताः-**

केन्द्र सरकार के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के माध्यम से ।

क. नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों;

ख. निम्नलिखित अर्हता एवं अनुभव रखते हों;

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से हिन्दी में मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो, अथवा, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर या समकक्ष डिग्री,

**कृ0पृ0उ0**

इसके साथ स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हों, या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर हिन्दी एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविघालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर तक अंग्रेजी एवं हिन्दी में से एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यतापाप्त विश्वविघालय से किसी भी विषय में हिन्दी माध्यम से मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविघालय या समतुल्य से किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम के साथ मास्टर के साथ मास्टर डिग्री की हो तथा डिग्री स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हो;

(ii) हिन्दी में परिभाषिक कार्य और/या विपर्यत: अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद, तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य की वरीयता, अनुवाद कार्य का पांच वर्ष का अनुभव;

ग. SHAPE-1 श्रेणी में चिकित्सीय रूप से फिट होना चाहिए ।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की- अवधि सम्मिलित है, साधारणतया: पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 54 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

2. **आपके संस्था** के इच्छुक और पात्र अधिकारी निर्धारित प्रपत्र (प्रतिलिपि संलग्न) में सेवा विवरण के साथ नामांकन, अनुशासन/सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र तथा पांच वर्षों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एसीआर/एपीएआर) ग्रेडिंग, कृपया 31 **अगस्त**, 2026 तक इस निदेशालय को भेंजे ।

**संलग्न** : निर्धारित प्रपत्र

(धीरेन्द्र सिंह नेगी)
ग्रुप कमाण्डर (स्थापना)
टेली/फैक्स- 011 25671637
ई-मेल- gc.estt@nsg.gov.in

**List of Addressee**

The Registrar,

i) University of Delhi, Rajpur Road, New Delhi.

ii) Jawahar Lal Nehru University, New Mehrauli Road, New Delhi.

iii) Indira Gandhi National Open University, YMCA Cultural Centre, Jai Singh Road, New Delhi 1

iv) Banaras Hindu University, Varanasi-221 005.

v) University of Punjab, Chandigarh-14 (UT).

vi) University of Kurukshetra, Kurukshetra, Haryana.

vii) University of Meerut, Meerut (UP)

viii) University of Agra, Agra (UP).

ix) University of Prayagraj, Prayagraj (UP).

x) Rajasthan University, Jaipur ( Rajasthan)

xi) University of Lucknow, Lucknow-226007.

xii) University of Himachal Pradesh, Shimla.